तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025



13 मोहंदीपाट के समाधान शिविर में 13 पंचायतों के 3492 आवेदनों का...



14 क्रमोन्नत वेतनमान के लिए अधिकारियों को सौंप ज्ञापन






## चूल्हापथरा का आंबा केंद्र खस्ताहाल, सार्वजनिक भवन में लग रहीं कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम चूल्हापथरा का आंगनबाड़ी केंद्र पुरी तरह जर्जर हो हो गया है जिसके चलते बच्चों को अन्यत्र जगह शिक्षा दी जा रही है, बच्चें को जिस सार्वजनिक भवन में पढ़ाया जा रहा है वहां पर्याप्त सुविधा नहीं मिलने से बच्चों को गमएँ के दिनों में परेशानी उठानी पड़ रही है। अव्यवस्थित भवन में ना हीं शौचालय है और ना ही पंखा, जिसके चलते बच्चे आंगनबाड़ी जाने से कतराते हैं। आपको बता दें कि ग्राम चूल्हापथरा आंगनबाड़ी पिछले 8 महीना से जर्जर स्थिति में है, जहां बरसात के दिनों में दीवारों में सीपेज एवं छत से पानी टपकने के चलते बच्चों को बैठाने में परेशानी हो रही थी, जिसके चलते अन्यत्र जगह आंगनवाड़ी लगाया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लोचन साहू ने बताया कि बरसात के दिनों में पानी टपकने एवं दीवारों में सीपेज आने के चलते कभी भी दुर्घटना घटने की आशंका को देखते हुए अन्य भवन में बच्चों का आंगनबाड़ी लगाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि इस समस्या के लिए सरपंच एवं विभाग को अवगत कराया गया है किंतु लंबे समय के बावजूद भी अब तक भवन मरम्मत नहीं हो पाई है, जानकारी अनुसार पुर्व मे आंगनवाड़ी में पूरे दीवाल पर टाइल्स लगाया गया था, जो लगातार उखड़ रही रहा किसी अनहोनी से बचने शासन के आदेश अनुसार टाइल्स को निकाला गया।

### भवन में शौचालय और पंखा आदि की सुविधा भी नहीं




#### बुनियादी सुविधा नहीं

आपको अवगत करा दें कि दीवारों को देखने लगता है कि आंगनबाड़ी निर्माण में गुणवत्ताहीन निर्माण किया गया है जहां दीवारों से प्लास्टर उखड़ने लगा है। आंगनबाड़ी केंद्र में शौचालय की भी स्थिति खराब है, जहां पूर्व में बनाए गए शौचालय में गड्ढे मात्र 2 से 3 फीट है, जिसके चलते गड्ढे पूरी तरह भर जाने से शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है, आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 14 बच्चे हैं, जहां भवन में समुचित व्यवस्था नहीं होने के चलते अधिकांश बच्चे आंगनबाड़ी नहीं आते।

### खबर संक्षेप

#### पीएम आवास का गुंडरदेही के 49 लोगों को लाभ मिला

**लाटाबोड़।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत डुण्डेरा में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित लोगों को स्वीकृत आदेश प्रदान किया गया इस दौरान सरपंच थलेश्वर कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ग्राम में 49 लोग इस योजना का लाभ पाने वाले ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का आभार जताया अब उनके कच्चे मकान पक्के बन जाएंगे बता दें कि यहां के सरपंच सिन्हा गांव के विकास को लेकर सदैव तत्पर रहते हैं। साथ ही शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए भी प्रयासरत हैं।

#### खनिज न्यास प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कल

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक 10 मई को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शाम 04 बजे आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित होने को कहा है।

#### श्रेष्ठ भारत के लिए 11-12 को होंगे गायत्री यज्ञ

**बालोद।** गायत्री परिवार बालोद द्वारा घरों में गायत्री यज्ञ के लिए लोगो को प्रेरित करते हुए कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मां भगवती देवी शर्मा और अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने एवं विश्व शांति और श्रेष्ठ भारत के लिए संयुक्त रूप से 11 और 12 मई तक 24 लाख घरों में गायत्री यज्ञ किया जाना है, परंतु इस अवधि में शादी ब्याह अधिक है इसलिए 15 मई तक लक्ष्य पूर्ण किया जाना है। अतः गायत्री परिवार के सदस्य सर्वे कर सूची बनाए जाएंगे बालोद नगर वासियों लोगों से अपील है कि उपरोक्त अवधि में अपने घरों में यज्ञ करा सकते है पूजा समान का कीट शक्तिपीठ से प्राप्त कर सकते है। परिजनों द्वारा कीट तैयार किया जाएगा सहयोग करेंगे।

#### एकलव्य प्राक्चयन परीक्षा के परिणाम घोषित किया

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति नया रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि प्रति वर्ष जिले के शैक्षणिक संस्थाओं के कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण छात्र, छात्राएं शिक्षण सत्र 2025–26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु 02 मार्च 2025 को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम जिलावार ▶▶| शेष पेज 13 पर

### परीणाम

**12 वीं 3418 बालक एवं 4764 बालिका कुल 8182 परीक्षा में शामिल हुए**

## बालोद में 10वीं-12वीं के परिणाम उत्कृष्ट रहे माशिमं ने किया टापर विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 07 मई को जारी किए गए कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणामों के अंतर्गत बालोद जिले का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 77.52 प्रतिशत एवं हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम 71.92 प्रतिशत रहा है।

इसके अंतर्गत कक्षा 12वीं में 01 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा 10वीं के 05 विद्यार्थियों सहित जिले के कुल 06 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुसुमकसा की 12वीं की छात्र ग्रेसी साहू ने 95.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान हासिल की है। इसी तरह हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10वीं के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल डौण्डी की छात्र कुमारी रिया केंवट ने 98.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है।

इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा के छात्र कुमारी भावना साहू ने 98.17 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कूल बालोद के छात्र योगान्त देशमुख ने 98 प्रतिशत के साथ आठवां स्थान, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम स्कूल अर्जुंदा के छात्र धुरव कुमार ने 97.83 प्रतिशत के साथ नौवां एवं प्रयास आवासीय विद्यालय पिनकापार की छात्र कुमारी भूमिका ने 97.67 प्रतिशत के साथ दसवां स्थान हासिल किया है।

### 10 वीं में 4704 बालक एवं 5860 बालिका कुल 10564 परीक्षा में शामिल हुए

#### 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम

जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने बताया कि हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 12वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्रचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 3433 बालक एवं 4777 बालिका सहित कुल 8210 विद्यार्थियों में से 3418 बालक एवं 4764 बालिका सहित कुल 8182 विद्याथएँ परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 07 बालक एवं 04 बालिक सहित कुल 11 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 3411 बालक एवं 4760 बालिका सहित कुल 8171 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1191 बालक एवं 2341 बालिका सहित कुल 3532 विद्याथएँ प्रथम श्रेणी में तथा 1247 बालक एवं 1461 बालिका सहित कुल 2708 विद्याथएँ द्वितीय श्रेणी में एवं 67 बालक एवं 36 बालिका सहित कुल 103 ▶▶| शेष पेज 13 पर

#### शामिल हुए परीक्षा में

जिला प्रशासन की ओर से आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम के अंतर्गत कक्षा 12वीं एवं 10वीं के परीक्षाओं में उत्कृष्ट अर्जित कर राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले जिले के विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

#### दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम

इसी तरह हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत बालोद जिले के कक्षा 10वीं के नियमित, स्वाध्यायी एवं पत्रचार के विद्यार्थियों को मिलाकर 4775 बालक एवं 5877 बालिका सहित कुल 10652 विद्यार्थियों में से 4704 बालक एवं 5860 बालिका सहित कुल 10564 विद्याथएँ परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा विभिन्न कारणों से 24 बालक एवं 22 बालिका सहित कुल 46 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम निरस्त एवं रोका गया था। इसमें से 4680 बालक एवं 5838 बालिका सहित कुल 10518 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें 1338 बालक एवं 2678 बालिका सहित कुल 4016 विद्याथएँ प्रथम श्रेणी में तथा 1527 बालक एवं 1763 बालिका सहित कुल 3290 विद्याथएँ द्वितीय श्रेणी में एवं 206 बालक एवं 86 बालिका सहित कुल 292 विद्याथएँ तृतीय श्रेणी में ▶▶| शेष पेज 13 पर

## स्थायी पट्टे के लिए वार्डों में की जमीन की नाप जोख

**गुण्डरदेही।** नगर के वार्ड नंबर 3, 4, 9, 10, 11 12 में तालाब के किनारे लगभग 30 – 35 साल से निवासरत गरीब तबके के लोग जिनको पहले ही राज परिवार के द्वारा सहमति पत्र दिया जा चुका है, अब उनके जमीन के स्थाई पट्टा की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन की पहल से कलेक्टर के आदेश अनुसार अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा एक टीम बनाकर जिसमें आरआई, पटवारी और नगर पंचायत के कर्मचारी जिसमें 7 लोग शामिल हैं, उनके द्वारा जमीन को नाप कर चिन्हांकित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि गुरुवार को वार्ड 10 के गरीब व्यक्तियों की जमीन जिसमें खसरा नंबर 664 में से 30 एवं 666 में 12 कुल 42 लोगों की जमीन को नाप कर चिन्हांकित किया गया। पट्टा की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

उन्होंने कहा स्थाई पट्टा नहीं होने से प्रधानमंत्री आवास का लाभ इन गरीब परिवारों को नहीं मिल पा रहा था अब इस पहल से आने वाले दिनों में जमीन को नाप कर उसको शासन को भेजा जाएगा और शासन से जैसे ही आदेश प्राप्त होता है लोगों को उनके स्थाई पट्टा दिया जाएगा जिससे लोगों का सपना साकार होगा उनका पक्का मकान बनेगा। उन्होंने कहा कि नाप की प्रक्रिया तीन दिन तक चलेगी सभी वार्ड वासियों से अध्यक्ष ने अपील की है कि सभी अपने घरों में रहे और नाप में सहयोग करें।

## दोपहर आंधी चली व रुक-रुक हुई बारिश तथा शाम को मूसलाधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- वैशाख में छाते और रैनकोट निकले, किसानों को कहीं लाभ और कहीं घाटा

जिले मे गुरूवार को दोपहर के बाद अचानक मौसम मे बदलाव नजर आया जिसके बाद तेज आंधी के साथ रूक रूक कर बारिश होती रही। जिससे गर्मी के दिन मे भी लोग छाते व रेनकोट का उपयोग करने को मजबूर हो गए। दोपहर के बाद हो रही हल्की बारिश शाम होते होते मूसलाधार बारिश मे बदल गई। जहां एक ओर कुछ दिन पहले कुछ किसान पानी की दिक्कतो के कारण फसल चौपट होने के वजह से चिंता मे थे वही अब अचानक हुई बारिश से ऐसे किसानो के चेहरे खिल उठे है तो कई किसान जिनके धान के फसल निकलने को तैयार है व दलहन की फसल लेने वाले किसानों को फसल खराब होने का चिंता सता रही है। ऐसे मे तेज आंधी व तूफान के साथ हुई बारिश से फसल जमीन पर लेट गए है जिससे आगामी दिनो मे फसल कटाई मे भी किसानो को समस्याओ का सामना करना पड़ सकता है तथा कई धान फसल जो पककर तैयार है उनमे पानी पड़ने पर धान कटाई के समय धान झड़ने की समस्याओ का सामना किसानो को करना पड़ सकता है।

वही लगातार मौसम मे हो रहे बदलाव के कारण लोगो के स्वास्थ पर भी असर पड़ते दिख रहा है। जिसके कारण लोगो मे सर्दी, बुखार तथा अन्य छोटी मोटी बिमारियो का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण लोग अस्पतालो के चक्कर लगाने को मजबूर है।






### उज्ज्वल भविष्य की कामना की, मुंह मीठा करके किया स्वागत

## 10वीं टापटेन में शामिल छात्र-छात्राओं का विधायक एवं जिपं अध्यक्ष ने सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भावना साहू को सातवां और धुरव साहू 9वां रैंक प्राप्त हुआ

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले के छात्र–छात्र ओं को विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया।

उल्लेखनीय है कि गुण्डरदेही विकासखंड के अर्जुन्दा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल के दो विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने में सफलता हासिल की है। कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम मटेवा के भावना साहू ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में सातवां रैंक हासिल किया है। इसी प्रकार ग्राम शिकारीटोला के धुरव साहू ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 9 वां रैंक प्राप्त किया है। दोनो ही अर्जुन्दा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र है।





विधायक कुंवर सिंह निषाद ने परीक्षा में प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कड़ी मेहनत कर के लिए शिक्षकों व परिजनों को भी शुभकामनायें दी। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि ये बच्चे हमारे गौरव हैं इन्हें सम्मानित कर आज हम सभी क्षेत्रवासी गौरवान्वित हो रहे हैं, आगे भी इस क्षेत्र के बच्चे हमारे जिले व प्रदेश का नाम रौशन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और उनकी सफलता पर उत्साहवर्धन जरूरी है। इससे उनको भविष्य में कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने होम डिलिवरी चार्जेस देकर भी चालक काट रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग


हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने कंपनी द्वारा वाहन चालको से होम डिलिवरी के नाम पर ढाई सौ तक चार्जेस ले रह है। लेकिन वाहन चालको को दिए गए अप्वांटमेंट तिथि में भी वे घर नंबर लगाने नही पहुंच रहे है। जिससे वाहन चालक रूपए देकर भी परेशान हो रहे है। हालात यह है कि, वाहन चालक लगातार शोरूम के चक्कर कांटकर परेशान हो रहे हैं।

आनलाइन आवेदन करने के बाद भी पन्द्रह दिन की वेटिंग का सामना वाहन चालको को करना पड रहा है। वाहन चालको के पास सिर्फ नंबर डिलीवर होने की सूचना आ रही है। जबकि नंबर डीलर तक पहुंचने की जानकारी नही मिल रही हैं। उल्लेखनीय है कि, हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए वेबसाइड जारी किया गया है। आनलाइन प्रक्रिया के तहत आवेदन करने के बाद वाहन चालको को मोबाइल नंबर में मैसेज भेजा जा रहा है। इस मैसेज में बताया जा रहा है कि, आपके वाहन का नंबर डिलिवर्ड हो गया और बकायदा नंबर लगाने अप्वांइटमेंट तिथि भी दी जा रही है। लेकिन उस दिन पहुंचने के बाद वाहन चालको को यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि, उनके वाहन का नंबर नही आया है। वाहन चालक आवेदन करने के दौरान इस बात से खुश थे कि, कंपनी होम डिलिवरी चार्जेस लेकर उनके घर नंबर लगाने आएगी। लेकिन नंबर लगाना तो दूर उन्हें नंबर आने तक की सूचना नही मिल पा रही है। ऐसे में जिलेभर से वाहल चालक जिला मुख्यालय के चक्कर कांट रहे है। वर्तमान में पालीटेक्निक कालेज के सामने बजाज शोरूम, आरटीओ आफिस और जिला न्यानयलय में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया था। वही कुम्हारी में भी शिविर का आयोजन किया गया था।

## अप्वाइंटमेंट डेट मिलने के बाद भी वाहन चालक हो रहे परेशान, 15 दिन की चल रही वेटिंग

### चार पहिया के लिए ढाई सौ तक चार्ज

जिला न्यायालय में आनलाइन आवेदन का कागज लेकर पहुंचे चार पहिया वाहन चालक आदित्य सिंह गुप्ता सीजी 07एम 4538 ने बताया कि, उन्होने आवेदन किया तो होम डिलिवरी चार्जेस 250 रूपए आनलाइन जमा किए थे। उन्हें अप्वांटमेंट तिथि 29 अप्रैल को दिया गया था। यानि इस दिन घर में उनका नंबर लग जाना था। लेकिन नंबर लगना तो दूर जारी ही नही किया गया है। बुधवार को जिला न्यायलय वे पहुंचे थे। जहां अफसरों से शिकायत करने की बात कही। इससे समझा जा सकता है कि, होम डिलिवरी के नाम पर कंपनी वाहन चालको को चूना लगा रही हैं।



### आप्शन में शामिल

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के लिए आवेदन करने के दौरान होम डिलिवरी का आप्शन रहता है। वैसे समय पर लगाना कंपनी की जिम्मेदारी हैं। -**वैभव शुक्ला,** इस्पेक्टर आरटीओ

### अब तक 66 हजार आवेदन, लगे सिर्फ 15 हजार

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले में दो और चार पहिया के करीब साढे तीन लाख से अधिक वाहन है। जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर लगाए जाने है। बहरहाल अब तक 66 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। जबकि लगे सिर्फ पन्द्रह हजार वाहन में है। अफसरों ने बताया कि, नंबर लगाने का जिम्मा निजी कंपनी रोजमार्टा को दी गई है। लेकिन कंपनी द्वारा जिले में पर्याप्त काउंटर की व्यवस्था ही नही की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### नगपुरा में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत ग्राम दमोदा नगपुरा में प्रस्तावित नवीन सेवा सहकारी समिति में कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नाबार्ड से अधिकारी अशु गोयल द्वारा कृषकों को सरकारी बैंक एवं सहकारी समिति में संचालित होने वाले समस्त ऋण योजनाओं एवं सभी सुविधाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला सरकारी बैंक के अधिकारी एसके निवसरकर, शाखा प्रबंधक राकेश कुमार, पर्यवेक्षक चंद्रप्रभा मारकंडे, नगपुरा समिति अध्यक्ष मुकेश मण्डले एवं बड़ी संख्या में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तम चंद्राकर, दीपक यादव, कन्हैया साहू, विष्णु यादव उपस्थित रहे। संचालन श्याम सुंदर कश्यप ने किया गया।

### वोरा ने छात्रों को दी बधाई

**दुर्ग।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। इस वर्ष कुल 5,68,791 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें 10वीं में 76.53% और 12वीं में 81.87% विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक, दुर्ग शहर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री अरुण वोरा ने भी परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों, उनके माता-पिता एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

### आईईआई ने किया तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय तथा अतिथि वक्ता आईआईटी, भिलाई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक, डां. शैलेन्द्र कुमार थे। अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की। पाण्डेय ने कहा कि भारत ने सीओपी-26 सम्मेलन में 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता और 50 प्रतिशत ऊर्जा की आपूर्ति अक्षय स्त्रोतों से करने का लक्ष्य रखा है। बीएसपी , इस दिशा में तीव्रता से कार्य कर रहा है। मरोदा बाँध में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बीते दो दशकों में इस पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। पुनीत चौबे ने कहा कि सरकार, नागरिकों एवं संस्थाओं को मिलकर यह प्रयास करना होगा कि विश्व की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा नवीकरणीय स्त्रोतों से पूरा किया जाए।

## बदलाव : नए नियम लागू किए जाने की तैयारियां शुरू, जिलेभर में पहले प्रचार प्रसार

# नए नामांतरण में झगड़ा-झंझट होगा खत्म, रिकार्ड हो जाएगा तत्काल दुरूस्त

राहुल शर्मा ▸▸ दुर्ग

राज्य शासन के नए नामांतरण के नियम में बडा बदलाव इस बात का होगा कि, रजिस्ट्री के बाद नामांतरण भी आटोमैटिक हो जाएगा। इससे अब एक ही जमीन का दुबारा रजिस्ट्री नही हो पाएगी। पूर्व में रजिस्ट्री के बाद नामांतरण नही कराने के कारण कई बार इसे दुबारा षडयंत्र के तहत बेचने की शिकायते मिलती रही है। लेकिन अब ऐसा नही होगा। वहीं रजिस्ट्री होने के बाद आटोम्यूटेशन के जरिए पूरा डाटा भुंईया साफ्टवेयर में फीड हो जाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट के जरिए शुरू किए जा रहे इस नए नियम से दावा आपत्ति कराने से भी छुटकारा मिल जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के लागू होने के बाद पक्षकारों को इस बात की बडी राहत मिलेगी, कि उन्हें पटवारियों के चक्कर नही कांटने पडेगें।

बहरहाल विगत तीन मई से प्रदेश के तीन पंजीयक कार्यालय, जिसमें नया रायपुर, बालौदा बाजार और आरंग में पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत कर दी गई हैं। पायलट प्रोजेक्ट के यहां सफलता के बाद प्रदेश के सभी जिलो में नामांतरण के नए नियम लागू किए जाने की तैयारी है। दुर्ग पुराने पध्दति से ही वर्तमान में रजिसट्रियां हो रही हैं। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिला और उप पंजीयको को नामांतरण के नए नियम का प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा तीन पंजीयक कार्यालय में नामांतरण के नए नियम तीन मई से लागू कर दिए गए है। जिसमें आम लोगों को बडी राहत मिलेगी। इसे लेकर जिला पंजीयको को द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## नामांतरण होते ही लगभग विवाद की स्थिति होगी खत्म, ईश्तहार की प्रक्रिया से मिलेगी राहत

### नामांतरण के बाद आपत्ति निपटाएंगे एसडीएम

नए नियम को लेकर यह भी बताया जा रहा है कि, पहले नामांतरण के बाद आपत्ति आने पर तहसीलदार निराकरण करते थे। लेकिन अब इसका निराकरण एसडीएम करेगें। जानकारों की माने तो पहले पटवारी से नकल लेने और दावा आपत्ति के बाद पारदर्शिता होती थी। लेकिन अभी रजिस्ट्री होते ही नामांतरण हो जाएगी। ऐसे में इसके बाद आपत्ति आने पर तहसीलदार के बजाय निराकरण एसडीएम करेगें। वही रजिस्ट्री शून्य कराए जाने को लेकर भी संशय बना हुआ है। राज्य शासन द्वारा दिए गए मौखिक जानकारी अनुसार अफसरों ने बताया कि, रजिस्ट्री शून्य करने सिविल कोर्ट ही जाना होगा।




### दावा आपत्ति बगैर हो जाएगा नामांतरण

इस नियम में यह प्रावधान किया गया है कि, रजिस्ट्री होने के बाद पहले जहां नामांतरण कराने के पहले दावा आपत्ति के लिए पन्द्रह दिन का समय दिया जाता था। लेकिन इस नए नियम में इन सबसे छुटकारा मिल गया हैं और रजिस्ट्री होते ही ओटोमैटिक नामांतरण हो जाएगा। कृषि जमीन को छोड बाकी जमीन के लिए ऋण पुस्तिका की जरूरत नही होती है। इसलिए पटवारियों के पास सिर्फ कृषि जमीन के लिए ऋण पुस्तिका लेना जाना होगा। विगत दिनों तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने एक आदेश जारी कर डायवर्टेड जमीन में ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता को पहले ही समाप्त कर दिया हैं। हांलाकि इस प्रावधान को लेकर जानकारों ने पक्षकार का नसर्गिक हनन कहा जा रहा हैं।

### ऋण पुस्तिका पटवारी ही करेंगे जारी

नए नियम को लेकर कई भ्रांतिया भी सामने आ रही है। हरिभूमि ने जमीन से जुडे जानकारों से जानकारी जुटाई है। कहा जा रहा है कि, दुर्ग जिलमें डायवर्टेड जमीन के लिए ऋण पुस्तिका अनिवार्य नही है। रजिस्ट्री कागज ही पर्याप्त है। वही दूसरी तरफ खेती जमीन के लिए रजिस्ट्री के बाद पटवारी ही ऋण पुस्तिका जारी करेगे। पहले जहां रजिस्ट्री के बाद ऋण पुस्तिका में ब्यौरा पटवारी भरते थे, जिसमें बाद तहसीलदार प्रमाणीकरण करते थे। वर्तमान में कहा जा रहा है कि, पटवारी ही पुस्तिका जारी करेगें और भू राजस्व संहिता के पावर को जिला पंजीयक को दिए जाने के बाद प्रमामीकरण की जरूरत नही होगी।

### इन सवालों का अब तक जवाब नहीं?

हरिभूमि ने पटवारी से लेकर तहसीलदार और बडे अधिकारियों से जानकारी जुटाई। लेकिन नियम लागू करने के दबाव के आगे वे कुछ कहने से बच रहे हैं। वर्तमान में अभी कई सवाल जो अनसुरझे है। जिसमें नामांतरण के अधिसूचना में मात्र विक्रय विलेख का उल्लेख किया गया हैं। पंजीकृत दान पत्र, हक त्याग बंटवारानामा आदि के सम्बंध में किस रीति से कार्य होगा उल्लेख नही है। दूसरा सीजी भू राजस्व संहिता की धारा 110 के विभिन्न नियमों (जैसे नियम 27) के सम्बंध में कोई उल्लेख नही है, संबंधित नियमों का परिपालन किस प्रकार होगा। वही किसी नामांतरण में कोई आपत्ति आती है तो उसका निराकरण किस रीति से होगा। शासकीय भूमि, पट्टे की भूमि, वन भूमि, नाबालिक की भूमि आदि बिना जांच तत्काल नामांतरण होता है तो किसकी जवाबदेही तय होगी। नामांतरण एवं बटांकन साथ की प्रकिया है, उसका पालन कैसे होगा।

### पुरानी पध्दति से रजिस्ट्री

प्रदेश के तीन उप पंजीयक में नियम लागू किया गया है। दुर्ग में पुराने पध्दति से रजिस्ट्री हो रही है। फिलहाल प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यहां भी लागू किए जाने की तैयारी है। -**प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

### पहले रिकार्ड शुध्दिकरण

नए नियम लागू करने के पहले रिकार्ड शुध्दिकरण होना जरूरी है। वर्तमान में पचास फीसदी से अधिक रिकार्ड दुरूस्त नही है। जब तक रिकार्ड डिजिटलाइजेशन नही होगा, तब तक नए नियम लागू होने के बाद भी पक्षकारों को भटकना पडेगा।
-**कमलेश राजपूत,** संरक्षक छग पटवारी संघ

# रिंग बनाकर ठेकेदारों ने बांट लिए काम, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड के टेंडर में गफलत होने की शिकायत नाराज ठेकेदारों ने कलेक्टर से की है। उन्होने लिखित शिकायत में कलेक्टर को बताया है कि, बगैर सार्वजनिक प्रकाशन और वीडियोग्राफी के पांच करोड के टेंडर को गुपचुप तरीके से बांट दिया गया है। ठेकेदारों से छुपाकर बांटे गए टेंडर में प्रतिस्पर्धा नही होने से नाराज कांट्रेक्टरों ने कार्यवाही की मांग की है। कृषि उपज मंडी द्वारा दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु निविदा सूचना जारी किया गया था। जिसका सूचना पत्र लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। उक्त निविदा के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने दुर्ग शहर के एक नेता के साथ मिलीभगत की गई है। ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि, टेंडर ऐसे अखबार में दिया गया जिसे किसी को जानकारी तक नही लगी। जबकि विभाग में भी टेंडर की कोई जानकारी चस्पा नही की गई थी। उन्होने कहा कि, टेंडर की सूचना अपने पसंदीदा ठेकदारों को दी गई। ताकि वो आपस में रिंग बनाके कार्यों को आपस में बांट सके।

- टेंडर सार्वजनिक किए बगैर चहेतों को बांटे गए काम

### सूचना तक नहीं किया गया चस्पा

ठेकेदारों ने कहा है कि रिंग बनाकर चेहते लोगों को काम दिया गया। जबकि प्रदेश के ठेकेदार इसमें शामिल तक नही हुए। टेंडर प्रक्रिया को कृषि उपज मंडी बोर्ड के सूचना पटल में चस्पा किया गया और उक्त कार्यों को अधिकारी और नेता के चुनिंदा ठेकदारों में आपस में बंदर बाट कर लिया गया है। जिसकी भनक जब ठेकदारों को लगी तो इसकी जानकारी ठेकदारों ने मंडी के अधिकारियों से मांगा तो उन्होंने जानकारी देने से सीधे मना कर दिया। अफसरों ने जनप्रतिनिधि से मिलने कह दिया। उक्त बात से नाराज ठेकेदारों ने सीधे जिला कलेक्टर को इस व्यापक भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत कर निविदा को निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की माँग की है। ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि एक ओर सरकार सुशासन की बात करती है। इस दौरान एस ग्रुप के संचालक राहुल सिंह, रवि शर्मा, योगेश जांघेल, राहुल पतील , प्रभात तिवारी, निखिल शर्मा, शुभम सरकार, हेमंत गोयल, प्रशांत अग्रवाल एवं विकास गुप्ता साहित अन्य ठेकदार उपस्थिति थे।

# आतंकी ठिकानों पर हमला का व्यापारी संगठन ने किया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग जिला सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश सांखला एवं प्रदेश मंत्री पवन बडजात्या, दुर्ग इकाई अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, महामंत्री विनय कश्यप, ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए नृशंस हमले के बाद, बीती रात्रि भारतीय सेना द्वारा सीमापार स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई। निर्णायक व वज्रतुल्य कार्रवाई को हम सभी व्यापारी संगठन, उद्योग प्रतिनिधियों और राष्ट्र सेवकों ने स्वागत और समर्थन करते है। हिरानी ने कहा कि, यह कार्रवाई भारत की सुरक्षा नीति का वह साहसी अध्याय है, वहीं देश के नागरिकों के मन में सुरक्षा और सामर्थ्य का संचार करता है। प्रकाश सांखला ने कहा कि, आज का दिन राष्ट्रीय व्यापारी अभियान घोषित करते हुए भारत गौरव व्यापार दिवस का नाम दिया जाएगा। जिले में 1 दिन राष्ट्र सेवा को समर्पित–दुकानें राष्ट्रध्वज से सुसज्जित, सैनिक परिवारों का सम्मान करेंगे।

# रोजगार दिवस पर जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्ग दर्शन में एकेच गोठ एकेच बानी, बूंद-बूंद बचाबो पानी महाअभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिपं सीईओ बजरंग कुमार दुबे द्वारा आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, जल की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जल संरक्षण की दिशा जानकारी दिया गया। जल संरक्षण हेतु समस्त नागरिकों एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को जल शपथ दिलाया गया। प्रत्येक माह की 7 तरीख में रोजगार दिवस का आयोजन किया जाता हैं, पर मजदूरों जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, ग्रामीणों को जल संरक्षण की जानकारी दिया गया। सीईओ श्री दुबे ने बताया कि, महात्मा गांधी नरेगा के तहत रोजगार दिवस के आयोजन कर जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का 6 मई से 15 जून 2025 तक किया जा रहा है। रोजगार दिवस जनपद पंचायत दुर्ग मतवारी, अंजोरा ढा., अछोटी सहित अन्य गांवों में आयोजन किया गया।

# महापौर ने कहा 24 घंटे में नाली से स्लैब और सीढ़ियां हटाएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा महापौर-महा-सफाई अभियान के अंतर्गत आज स्वयं महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 5 मरारपारा के विभिन्न गलियों से होकर अभियान चलाया गया।

नगर मार्ग तक पैदल चलकर नालियों की सफाई अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान दुकानदारों एवं रहवासियों द्वारा नालियों के ऊपर तक बना लिये स्लैब व सीढ़ी को 24 घंटे के बाद तोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने दूकानदारों को चेतावनी दी कि, यदि वे 24 घंटे के भीतर नालियों के स्लेब व सीढ़ियाँ नहीं तोड़ते तो नगर निगम स्वयं ही तोड़ देगा।

इस दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, प्रभारी नीलेश अग्रवाल, एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शिव नायक, मनीष साहू,वार्ड पार्षद विजयंत पटेल, पार्षद गोविंद्र देवांगन मौजूद रहे।

## एनआईसी की पहल पर आईआरएडी परियोजना के तहत मिली सुविधा

# एप और वीडियोग्राफी से साक्ष्य जुटाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

सडक दुर्घटनाओं के तत्काल साक्ष्य जुटाने अब पुलिस हाईटेक तरीके से काम करेगी। इससे तत्काल साक्ष्य जुटाने में पुलिस को जहां राहत मिलेगी, वही सटीक तथ्य भी पुलिस को मिल पाएगी।

आम नागरिकों की सुविधा और सड़क सुरक्षा में सुधार के उद्देश्य से जिला अस्पताल दुर्ग में एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना (आईआरएडी) के अंतर्गत एक विशेष रिपोर्टिंग काउंटर की स्थापना की गई है। यह पहल राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) दुर्ग के सुझाव पर की गई है। इस विशेष काउंटर की मदद से सड़क दुर्घटनाओं की सूचना त्वरित और सही तरीके से दर्ज की जा सकेगी, ताकि उसे आईआरएडी पोर्टल में समय रहते प्रविष्ट किया जा सके। यह पहल सड़क दुर्घटनाओं के प्रभावी प्रबंधन और रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

- सड़क सुरक्षा में सुधार का है उद्देश्य




### नागरिकों को होने वाले तात्कालिक लाभ

एम्बुलेंस और पुलिस समय पर पहुंचती है, जिससे गंभीर घायलों की जान बच सकती है। आम नागरिक मोबाइल ऐप के जरिए सीधे दुर्घटना की सूचना दे सकते हैं। हादसे से संबंधित सटीक जानकारी बीमा दावों व कानूनी कार्यों में मददगार होती है। दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर नागरिकों को सचेत किया जाता है, जिससे आगे दुर्घटनाएं टल सकती हैं।

### क्या है आईआरएडी परियोजना

एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस परियोजना(आईआरएडी), भारत सरकार की एक डिजिटल पहल है, जिसका उद्धेश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। पुलिस कर्मी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से दुर्घटना की सूचना फोटो और वीडियो सहित दर्ज कर सकते हैं। हर घटना के लिए एक विशिष्ट आईडी जारी की जाती है। लोक निर्माण विभाग या स्थानीय निकाय के इंजीनियर को उसी क्षण अलर्ट मिलता है, जिससे वे मौके पर जाकर जांच कर सकते हैं। सड़क की बनावट और अन्य तकनीकी विवरण दर्ज किए जाते हैं, जो आगे डेटा विश्लेषण और सुधार कार्यों में सहायक होते हैं।

### जातिगत जनगणना से सभी को फायदा- ताम्रकार

**दुर्ग।** अधिकवक्ता और कांग्रेस नेता सौरभ ताम्रकार का कहना है कि, जातिगत जनगणना से स्पष्ट हो जाएगा कि,देश मे कितनी जाति के कितने लोग है, उनके लिए बेहतर सरकारी योजना कैसे बनाया जाए। केंद्र की मोदी सरकार जनगणना के साथ जाति गत गणना के पक्ष में नहीं थी, बीजेपी के नेताओ ने इसका मज़ाक उड़ाया, पर राहुल गांधी के भारत जोड़ों यात्रा के दौरान जातिगत जन गणना का मुद्दा जोर शोर से उठाया गया। सभी प्रदेश के चुनाव में इसे मुख्य मुद्दा रखा गया, अहमदाबाद राष्ट्रीय कॉंग्रेस अधिवेशन में इसे पारित करने संकल्पित रहे।कॉंग्रेस और राहुल गांधी जाति गत जन गणना के साथ ही जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उतनी उनकी भागीदारी हो, इस पर विश्वास करती है, जन गणना में जाति के साथ उनके आर्थिक स्थिति आदि बिंदु शामिल रहे।

# राष्ट्रीय परीक्षा में छत्तीसगढ़ से 8 रेफरी का किया गया चयन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जूजित्सु एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आठ दिवसीय राष्ट्रीय रेफरी प्रशिक्षण सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखंड में किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रेफरी द्वारा थ्योरी प्रैक्टिकल एवं ऑनलाइन परीक्षा एशियाई यूनियन के वेबसाइट में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ से चार अलग-अलग इवेंट में आठ रेफरी ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें वरिष्ठ प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद शांडिल बालोद, तेजस राहुल राजनंदगांव, यतीश्वर राव बस्तर, दुर्गेश मीठघरे कबीरधाम, शिवदयाल पाटिल बेमेतरा, असजाद रजा एम सी बी, अनुज दमानी राजनंदगांव, राणा वसुंधरा सिंह राजनंदगांव जिला रहे। सभी प्रशिक्षकों के राष्ट्रीय रेफरी बनने पर प्रदेश संघ के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, महासचिव राणा अजय सिंह, कोषाध्यक्ष बाबूराव, देवा साहू सचिव, दुर्ग वार्ड 11 के पार्षद आशीष चंद्राकर ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### नेहरू आर्ट गैलरी में गौतम की चित्रकला प्रदर्शनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में चित्रकार गौतम सील की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक आरके श्रीवास्तव द्वारा किया। इस अवसर पर महाप्रबंधकगण वीसी शेखर, वीके ओगले, अमूल्य प्रियदर्शी, प्रशान्त तिवारी, सहायक महाप्रबंधक पुनीत कुमार वर्मा सहित आर्ट्स क्लब के सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने चित्रकार गौतम सील की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि प्रदर्शनी में लगे प्रत्येक चित्रकला में कलाकार की रचनात्मकता और विचारशीलता झलकती हैं। श्री गौतम सील द्वारा चित्रित दीवारों पर सजे विभिन्न शैलियों और तकनीकों के चित्र अपनी कहानियाँ कहते प्रतीत होते हैं। चित्र अपनी सूक्ष्म रेखाओं और जटिल विवरणों से मोहित करते हैं। कहीं प्रकृति का शांत चित्रण है, तो कहीं अमूर्त कला है।

### सियान सदन में वृद्धजनों के लिए बढ़ी सुविधाए

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत सियान सदन वृद्धाश्रम में एक नवीन आवासीय ब्लॉक का लोकार्पण किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी पवन कुमार ने किया। नव-निर्मित आवासीय सुविधा में 20 पूर्णतः सुसज्जित कमरे शामिल हैं, जिनमें वृद्धजनों के लिए 10 एकल आवासीय और 10 द्वैतीय आवासीय कक्ष हैं। इस अवसर पर सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम शिवराजन, एच. शेखर,विष्णु के पाठक, डीजीएम राघवेंद्र गर्ग, राजीव कुमार, मनीष पंत तथा सरोज झा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने आश्वस्त किया कि वृद्धजनों की आवश्यकताओं को परिवार-जैसे माहौल में संवेदनशीलता व उत्तरदायित्व के साथ पूरा किया जाएगा। श्री दत्ता ने भी सहयोग का आश्वासन व शिवराजन ने स्वागत भाषण दिया।

### सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव की मनाई गई जयंती

**भिलाई।** सेवादल के संस्थापक डॉक्टर नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में भिलाई पावर हाउस कैंप -2 में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर हार्डिकर का पूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर हार्डिकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम गीत के साथ की गई। इस अवसर पर भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डी कामराजू मुख्य रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश महासचिव राजेश प्रसाद गुप्ता ने डॉक्टर हार्डिकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। और आजादी के बाद भी उनका बनाया संगठन सेवादल देश की सेवा में लगा हुआ है हम उनके बताएं मार्गों पर चले यह हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन सेवादल के प्रदेश सचिव अनिल सिंह एवं आभार व्यक्त बलदेव मेहरा ने किया और समापन जन गण मन गान के साथ हुआ।

### गौमाता एवं सखी स्व सहायता समूह को सामुदायिक निवेश कोष के अंतर्गत 60 हजार रूपये का चेक वितरित

# मोहंदीपाट के समाधान शिविर में 13 पंचायतों के 3492 आवेदनों का निराकरण हुआ सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







- देवरी द, गोड़ेला, खुरसूनी, चीरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, बघेली, खुरसूल, गब्दी के ग्रामीणों को मिली राहत

सुशासन तिहार के अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोहंदीपाट में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जहां ग्राम मोहंदीपाट कलस्टर में शामिल मोहंदीपाट के अलावा देवरी द, गोड़ेला, खुरसूनी, चीरचार, जेवरतला, बोड़ेना, सिब्दी, भरदाकला, बघेली, खुरसूल, गब्दी सहित कुल 13 ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 3492 आवेदनों का संबंधित विभागों के द्वारा निराकरण सुनिश्चित किया गया।

समाधान शिविर में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, मीना साहू सहित जनपद सदस्य नेमबाई साहू, टुकेश्वरी साहू, ललिता भुआर्य, धारा चौधरी एवं ग्राम पंचायत मोहंदीपाट के सरपंच के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। शिविर में सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन करने वाले आवेदकों को मछली जाल, मनरेगा जॉब कार्ड, नया राशन कार्ड, विधवा पेंशन के अलावा दिव्यांगों को सहायक उपकरण, श्रवण बाधितों को श्रवण यंत्र एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना की स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। शिविर में ग्रामीणों को बी–1 नवीन ऋण पुस्तिका आदि का भी वितरण किया गया। किसानों को उन्नत किस्म के धान बीज, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति एवं पूर्णता प्रमाण पत्र, विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र आदि का भी वितरण किया गया। शिविर में आज ग्राम मोहंदीपाट के गौमाता स्व सहायता समूह एवं सखी स्व सहायता समूह को सामुदायिक निवेश कोष के अंतर्गत 60 हजार रूपये का चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा बच्चों को खीर खिलाकार उनका अन्नप्राशन कराने के साथ गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंट कर उनके गोदभराई रस्म को पूरा किया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा सांस्—तिक कार्यक्रमों के माध्यम से सुशासन तिहार एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने सुशासन तिहार को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाने का अत्यंत कारगर एवं जनहितैषी कार्य बताया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर एवं अन्य अतिथियों ने कहा कि इस सुशासन तिहार के माध्यम से हमारे अनेक ग्रामीण एवं आम जन जो किन्हीं कारणों से शासकीय कार्यालय तथा जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय में अपने आवश्यक कार्यों को पूरा कराने के लिए नही पहुँच पाते है। ऐसे अनेक लोगों का अपने गांव एवं पंचायत में आवेदन करने के पश्चात उनके समस्याओं का निराकरण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाकर राज्य में सुशासन की परिकल्पना को साकार करने का अत्यंत कारगर एवं सार्थक माध्यम है। इस अवसर पर एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने वर्तमान के भीषण जल संकट को देखते हुए तथा जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर के मद्देनजर जल संरक्षण के उपाय तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई। सुशासन तिहार के ग्राम मोहंदीपाट कलस्टर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 2261, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 128, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन को 179, महिला एवं बाल विकास विभाग 134, समाज कल्याण विभाग को 350, स्कूल शिक्षा विभाग को 130, ऊर्जा विभाग को 89, खाद्य विभाग को 73, परिवहन विभाग को 55, पशुपालन विभाग को 11, श्रम विभाग को 26, वाणिज्यिकर विभाग को 18, स्वास्थ्य विभाग को 51, जल संसाधन को 24, गृह विभाग को 04 सहित मोहंदीपाट कलस्टर में प्राप्त कुल 3492 आवेदनों का निराकरण किया गया।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने 10वीं की टापर वैष्णवी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर गुरुवार को नगपुरा आत्मानंद स्कूल के कक्षा 10वीं में अध्ययनरत कु. वैष्णवी देवांगन को प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने पर बधाई देने उनके निवास पहुचें। ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10वी का परिणाम में वैष्णवी देवांगन ने प्रावीण्य सूची में 98.3% अंकों के साथ छठवाँ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा कु. वैष्णवी देवांगन पिता गोपाल देवांगन दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत है।

टॉपर वैष्णवी देवांगन से कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मुलाकात कर उन्हें एवं उनके परिवार, गुरूजी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रिवेन्द्र यादव, नंद कुमार सेन, भरत साहू, आनंद कपूर ताम्रकार, मोहित वालदे, सौरभ ताम्रकार जी उपस्थित रहे। कु. वैष्णवी देवांगन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा है, और आगे चल कर डॉक्टर बनना चाहती है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की महती शिक्षा योजना, आत्मानंद स्कूलों के बच्चों ने 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में इतिहास रचा है। टॉप-10 की सूची में हाईस्कूल में 85 में से 32 जबकि हायर सेकण्डरी में 19 में से 6 बच्चे स्वामी आत्मानंद स्कूल से हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

## विधायक प्रतिनिधि ने स्वीकृत कार्यों को कराने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया के विधायक प्रतिनिधि गोपी साहू नगर पंचायत डौंडीलोहारा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बंजारे व नगर पंचायत अध्यक्ष निवेन्द टेकाम को निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु ज्ञापन सौंपा है, गोपी साहू ने पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू के कार्यकाल में स्वीकृत सभी निर्माण कार्य अभिलंब प्रारंभ करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष को पत्र जारी कर एक सप्ताह में सभी कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा उक्त सभी कार्य जो की नगर पंचायत डौंडीलोहारा में पूर्व में स्वीकृत किया जा चुका है और संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य आदेश भी नगर पंचायत से जारी किया जा चुका है उसके बाद भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होना नगर के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है, जो कि नगर के लिए दुर्भाग्य है जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा नगर विकास में रुचि दिखाई नहीं पड़ता जिससे नगर का सभी विकास कार्य थम सा गया है जिसे प्रारंभ करने की मांग की गई है जो कि निर्माण कार्य इस प्रकार है डौंडीलोहारा नगर में पूर्व अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू के कार्यकाल में स्वीकृत अधो संरचना मद अंतर्गत चार स्थानों पर यात्री प्रतीक्षालय निर्माण, पांच स्थानों पर सामाजिक भवन ,रामनगर वार्ड क्रमांक 14 ,15 और वार्ड क्रमांक 6 में ट्यूबलर पोल निर्माण के साथ-साथ वार्ड क्रमांक 6 में हाई मास्क लाइट, नलकूप खनन, पानी टंकी निर्माण, सौर ऊर्जा क्रेडा कंपलीट सेटअप, नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक एक,दो, पांच और 11में बाउंड्री वॉल कार्य,अन्य कार्य 15वें वित्त से ट्यूबलर पोल निर्माण और पशु चिकित्सालय के पास सीसी रोड निर्माण व ट्यूबलर पोल निर्माण, संजय नगर में ट्यूबलर पोल निर्माण, डीएफ मद से वार्ड क्रमांक 8 में आंगनवाड़ी भवन और संजय नगर गली में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 11 में ट्यूबलर पोल निर्माण कार्य और विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य, साथ ही साथ सार्वजनिक शौचालय मरम्मत संधारण कार्य और राज्य/ केंद्र परिवर्तित मद अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्य शामिल है,जो कि चालू कराया जाना बाकी है साथ ही साथ 2.0 अमृत मिशन खरखरा जलाशय जलप्रदाय योजना निविदा प्रक्रियाधीन है, उक्त सभी कार्यों में नगर विकास की दिशा में पहल करते हुए सभी कार्यों को गति प्रदान करने की मांग का ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा है।

### निगम ने नाले के ऊपर से हटाया अवैध कब्जा

**भिलाई।** सुशासन तिहार में दर्ज शिकायत नाला के उपर तार जाली लगा किये गये अवैध कब्जे तथा शासकीय भूमि में झोपड़ी बना कर किये कब्जे को जेसीबी से बेदखल किया गया। शासन की महत्वकांक्षी योजना सुशासन तिहार में वार्ड 23 घासीदास नगर हाऊसिंग बोर्ड बुद्ध विहार से सूर्य कुण्ड तक नाले के ऊपर वहां के रहवासियों द्वारा तार तथा लोहे की जाली लगा कर अवैध कब्जा किया गया था। जोन दो के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर तथा जोन आयुक्त यशा लहरे के अनुमोदन पश्चात नाले के उपर के अवैध कब्धारियो को नोटिस देकर पर्याप्त अवसर प्रदान करते हुए बुधवार को नाले के उपर किये अवैध कब्जे को जे. सी. बी. से हटाया गया।

## पाक के खिलाफ एयर स्ट्राइक करने का स्वागत



**डोंडी लोहारा।** नगर के पुराना बस स्टैंड महाकाली मंदिर के पास अटल चौक में एकत्र होकर भारतीय सैन्य बलो के प्रति अपना अटूट समर्थन व्यक्त किया गया।

इस सभा मे नगर के जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल डौंडीलोहारा अध्यक्ष श्रीमती कुसुम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री लाल निवेद्र सिंह टेकाम, भाजपा कार्यकर्ता धर्मेंद्र निषाद, एकलव्य महाविद्यालय अध्यक्ष जसराज शर्मा, पूर्व एल्डरमैन दिलीप बाफना, पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल निषाद, धीरेंद्र टॉक धीरज जैन, सुरेश देवांगन, धनेश यादव, भगवानी निषाद, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहन निषाद, जितेन यादव, पूर्व पार्षद जीवराखन कौमार्य, ललित साहू ,मोंटू यादव, दर्शन संचेती, युवा नेता निखिल शर्मा, दिनेश साहू, कुबेर सोनी, उदय रजक, शाहिद सहित सैकड़ो नगर के सामाजिक कार्यकर्त्ता गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नारेबाजी और भारत माता के नारों के साथ भारत माता की जय घोष किया गया उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना की, यह आयोजन न केवल सैन्य बलों के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है बल्कि आतंकवादी के खिलाफ राष्ट्र की एकजुटता और सामूहिक संकल्प को भी प्रदर्शित करता है।

## सड़क हादसे में घायल पुत्र की मौत और पिता गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



समीप के ग्राम भेड़ी निवासी पिता व पुत्र बुधवार को रेंगाडबरी की ओर से अपने गृह ग्राम भेड़ी जा रहे थे, उसी समय शाम 7:30 बजे के आसपास नगर के संजयनगर में दोनों पिता व पुत्र हाईवा की चपेट में आ गए। मोहल्ले वालों ने दोनों को शासकीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को राजनांदगांव रिफर किया गया, जहां कुमेंद्र कुमार भुआर्य 25 वर्ष की मौत हो गयी तथा किशुन राम भुआर्य 59 वर्ष का रायपुर में इलाज चल रहा है। गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार-मृतक कुमेन्द्र भुआर्य का अंतिम संस्कार गुरुवार को दोपहर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी व परिवार जन मौजूद थे। मृतक अविवाहित था।

## पूर्व कलेक्टर पिस्दा के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**डौंडीलोहारा।** रिटायर्ड कलेक्टर के आर पिस्दा वनांचल के ग्राम किल्लेकोडा निवासी का निधन गुरुवार को हो गया।उन्होंने विभिन्न स्थानों पर रहकर अपनी सेवा दी थी।अंतिम संस्कार के समय पुलिस प्रशासन के द्वारा गाड आफ आनर दिया गया।विधायक अनिला भेड़ियाा,विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, जि प सदस्य राजाराम तारम जिला कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ,एस पी यादव ,एस डी एम बघेल, तहसीलदार नायक , आई एस,आई पी एस,पुलिस विभाग के अधिकारी और रिटायर्ड अधिकारी कर्मचारी के उपस्थित रहे व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया ।

## पेज 11 के शेष

### 12वीं बोर्ड परीक्षा ...

विद्याथएँ तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 574 बालक एवं 690 बालिका सहित कुल 1264 परीक्षाथएँ का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 332 बालक एवं 232 बालिका सहित कुल 564 विद्याथएँ हायर सेकण्डरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 2505 बालक एवं 3838 बालिका सहित जिले के कुल 6343 विद्याथएँ परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हायर सेकण्डरी बोर्ड परीक्षा में 73.43 प्रतिशत बालक एवं 80.63 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 77.52 प्रतिशत विद्याथएँ परीक्षा में सफल हुए हैं।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा ...

उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही 417 बालक एवं 493 बालिका सहित कुल 910 परीक्षाथएँ का परीक्षा परिणाम पूरक आया है। इसी तरह 1192 बालक एवं 818 बालिका सहित कुल 2010 विद्याथएँ हाई स्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह से 3071 बालक एवं 4527 बालिका सहित जिले के कुल 7598 विद्याथएँ परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके साथ ही हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 65.61 प्रतिशत बालक एवं 77.54 प्रतिशत बालिका सहित जिले के कुल 71.92 प्रतिशत विद्याथएँ परीक्षा में सफल हुए हैं।

### 10वीं टापटेन में शामिल ...

क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते वे छात्र–छात्रओं के साथ हैं और आगे भी क्षेत्र की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन कर उनकी हर संभव मदद करते रहेंगे। तारिणी ने कहा इस सफलता से विद्यालय के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी व आने वाली पीढ़ी का भी इससे आत्मसम्मान बढ़ेगा। एक ही विद्याालय से दो बच्चों का एक सांथ प्रदेश की प्राविण्य सूची में स्थान बनाना गौरव की बात है। तारिणी चन्द्राकर ने कहा जिले के सरकारी स्कुलो के छः बच्चों ने प्राविण्य सूची में स्थान मे स्थान बनाकर सिद्व किया है कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार आई है प्रदेश की सरकारी स्कुलों मे गुणात्मक विकाश हुआ है। इससे सरकारी स्कुलों के प्रति पालको मे वि”वास बढ़ेगा और ग्रामीण निजी विद्यालय के प्रति पालकों की अंधी दौड़ से बचेंगे।

### एकलव्य प्राक्चयन परीक्षा ...

मेरिट सूची अवलोकन हेतु वेबसाईट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति के आधार पर मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ 20 मई तक काउंसलिंग कर प्रवेश संबंधी कार्यवाही कर सकते हैं।

HEALTH TOWN
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल जगतरा का नतीजा शत-प्रतिशत रहा

**गुरूर।** शायकीय हाई स्कूल जगतरा का बोर्ड परिक्षा सत प्रतिशत रहा। शाला मे कुल 20 विद्यार्थी दर्ज थे, जिसमे 11 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 7 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी एवं 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुए। शाला मे आकांक्षा सोरी 85 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, योगिता यादव 79 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस पर शाला के प्राचार्य खिलावन सिंह कटेन्द्र, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कृष्णा यादव एवं सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन भगवान दास मरचूरिया ने विद्यार्थीयो एवं शिक्षको के प्रति हर्श व्यक्त किया। शासकीय हाईस्कूल जगतरा मे कक्षा 10वी परीक्षाफल के तहत कुल दर्ज 20 मे 06 बालक, 05 बालिका कुल 11 प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण रहे। द्वितीय श्रेणी मे बालक 05, बालिका 02 कुल 07 उत्तीर्ण रहे। तृतीय श्रेणी मे बालक 02, बालिका निरंक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

### उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से मिली आर्थिक मदद

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से ग्राम पंचायत बांटीपथरा के आश्रित ग्राम छिंदपुर निवासी स्वर्गीय सुक्कल बैगा के परिवार को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। आज जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य रूप सिंह धुर्वे, मोहन धुर्वे, मोती बैगा, नरेन्द्र मानिकपुरी और बिहारी बैगा ग्राम छिंदपुर पहुंचे। उन्होंने मृतक के घर जाकर उसकी पत्नी श्रीमती सुन्दरी बैगा से भेंट की और गहरी संवेदना प्रकट की। इस अवसर पर श्री साहू और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सुन्दरी बैगा को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा स्वीकृत सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और प्रशासन के प्रति आभार जताया और कहा कि कठिन समय में मिली इस मदद से उन्हें नया हौसला मिला है।

### नए सत्र के लिए लायंस क्लब की नई टीम गठित

**कवर्धा।** नगर के लायंस क्लब ने नए सत्र 2025-26 के लिए अपनी पूरी टीम को आकार दे दिया है। लायंस इंटरनेशनल के रूल के मुताबिक क्लब का नया वार्षिक सत्र 1 जुलाई से आरंभ होकर अगले साल 30 जून तक चलता है। इस सत्र के लिए नई टीम में अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, एडमिनिस्ट्रेटर नीरज मनजीत छाबड़ा, प्रथम उपाध्यक्ष आनंदप्रकाश दानी, द्वितीय उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह अरोरा, तृतीय उपाध्यक्ष रेखराज मूंदड़ा, सचिव हरीश गाँधी, प्रथम उप सचिव मनोज कुमार ठाकुर, द्वितीय उप सचिव प्रमोद कोचर, कोषाध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, एलसीआईएफ चेयरपर्सन सुशीला श्रीश्रीमाल, सर्विस चैयरपर्सन महेन्दर छाबड़ा, मेम्बरशिप चैयरपर्सन डॉ. एनके यदु, मार्केटिंग चैयरपर्सन रवि सोनी, टेल ट्विस्टर डॉ. संगीता चौहान सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल है।

### रक्षक ही बने वनों के भक्षक, धड़ल्ले की जा रही सागौन की अवैध कटाई



**रेंगाखार।** वन मण्डल कवर्धा के वन परिक्षेत्र कवर्धा में वनो के रक्षक ही भक्षक बन बैठे हैं। जिनके विरूद्ध शिकवा शिकायतों के बाद भी न तो शासन कोई कार्यवाही कर रहा है और न ही संबंधित विभाग के आला अधिकारी लगातार हो रही इस अवैध वन कटाई पर कोई कार्यवाही करने में रूची दिखा रहे हैं। बताया जाता है कि वन मंडल कवर्धा के वन परिक्षेत्र कवर्धा में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से संरक्षित वन क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ वनभूमि पर लगे राष्ट्रीयकृत सागौन वृक्षों की अवैध कटाई कर किसानो से मिलीभगत कर वन भूमि पर अवैध कब्जा कराया जा रहा है। वहीं सूत्रों की माने तो सागौन की अवैध कटाई के बाद बतौर साक्ष्य शेष ठूंठो को आग से जलाकर नष्ट किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक अभी बीते माह की 25 तारीख को ग्रामीणों के सहयोग से यहां एक वाहन से सागौन के चार नग गोले भी अवैध परिवहन करते पकड़े गए थे।

## परिणाम

### आर्थिक संकट से जूझकर बाधाओं को किया पार

# 12वीं की टापर संध्या साहू का पालिका अध्यक्ष ने घर पहुंचकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में 12 वी के परीक्षा परिणाम में प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान बनाने वाली संध्या साहू से मिलने बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी अपने अन्य पार्षदों एवं कार्यकर्ताओ के साथ उनके गृह ग्राम हीरापुर पहुंची, परन्तु संध्या साहू के विवाह कार्यक्रम में चले जाने पर उनके माता पिता का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया, वहीं फोन के माध्यम से पालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने बधाई प्रेषित करते हुए आगे भी सफलता के नए आयाम पाने की शुभकामना दिए।

वहीं उनके माता पिता का धन्यवाद ज्ञापित किया कि सभी बाधाओ को उन्होंने गरीबी के बाद भी आने नही दिया, ज्ञात हो कि बालोद जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर के किसान हिरामन साहू की चार पुत्रियां है, जिसमे



संध्या तीसरे नम्बर की है, महज ढाई एकड़ खेत से अपना और अपने बच्चों का लालन पालन करने वाले इस पिता ने बताया कि सबसे बड़ी लड़की अनामिका साहू जो बीएससी नर्सिंग धमतरी से कर रही है, वहीं दूसरी लड़की भी पढ़ाई में काफी लगनशील है जो वर्तमान में बीए फाइनल में है चौथी पुत्री भी 11 वी की पढ़ाई करेगी। संध्या की माँ पद्मिनी साहू ने बताया कि वह शुरू से ही अपने बेटियों को पढ़ाने की मंशा रखती थी, पढ़ाई के साथ साथ सभी बेटियाँ उनको घर के काम मे भी मदद करती है, खुद ज्यादा पढ़ी लिखी नही है पर बेटियों को उच्च शिक्षा मिले और वह पढ़ाई में नाम रौशन करे यही एक सपना था, जो अब पूरा हुआ है, वहीं संध्या साहू ने दूरभाष में बताया कि वह आगे चलकर एयर होस्टेज बनना चाहती है, जिसके लिए वह पुरी मेहनत करेंगी। इस अवसर पर पार्षद गिरिजेश गुप्ता, पार्षद आशा पटेल, पुर्व एल्डरमेन विनोद जैन, पूर्व पार्षद छवि सार्वा, महिला नेत्री प्रितिबाला साहू, वैभव राखेचा उपस्थित थे।

### दसवीं में सशिमं की पांच टापरों को किया स्वागत



विनय कुमार | झील चंद्राकर | माधवी | साधना | विभा

**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की विधार्थियो ने हाईस्कूल परीक्षा 2025 में प्रतिभाशाली अंक प्राप्त कर विद्यालय माता पिता का गौरव बढ़ाते हुए होनहार भविष्य का आभास जन मानस को कराया है। विद्यालय से जारी टॉप फाइव सूची में छात्र झील पिता मुरलीधर चंद्राकर औरी ने 94.3 प्रतिशत, माधवी पिता राजेंद्र मार्कण्डेय भंसुली ने 90.5 प्रतिशत, विनय पिता चुमेंद्र साहू भरर ने 87.83 प्रतिशत, विभा पिता गणेश दास जामगांव आर ने 85.66 एवं साधना पिता युगल किशोर कुम्हली ने 80.5 प्रतिशत प्रतिभाशाली अंक प्राप्त किया। प्राचार्य पीएल बारले ने विधार्थियो को बधाई दिए। 10 वी बोर्ड में 94.33 प्रतिशत लेकर विद्यालय टॉप फाइव की टापर बनी छात्र झील चंद्राकर ने कहा कि मेरिट में आने के लिए मेहनत में कुछ चूक रह गई होगी। उस पर चिंतन कर अपडेड करेंगे। लेकिन जो नंबर्स मिले है वह हमें होनहार कदम के लिए प्रोत्साहित करती है। निश्चित ही सजगता पूर्वक मेहनत करके मन माफिक मंजिल पाने के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर जैसी संस्कारित शिक्षा का केंद्र हमे मिली जो कोरोना काल में भी हमें सुव्यवस्थित प्रबंधन के साथ आफ लाइन पढ़ाई कराने मिशाल पेश कर चुके है। विद्यालय में टापर छात्र झील ने कहा कि विद्यालय वही है नंबर अलग अलग आते है अंतर विद्याथएँ और पालक का होता है शेष तो सभी के लिए समान होता है।कम नंबर मिलने पर उदास होने के बजाय कारण का चिंतन कर उसे दूर करने की दिशा में ऊर्जा लगाने से भविष्य में सफलता मिलना तय है।

### 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कनेरी स्कूल के निहाल प्रथम और धामिनी द्वितीय





**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनेरी में छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा परिणाम जारी किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं में 92.8 प्रतिशत अंक लेकर निहिल कुमार प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय धामिनी 84 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान पर डिनीषा साहू 82.4 प्रतिशत रहे तो वही कक्षा दसवीं में कुमारी साक्षी ठाकुर 94.86 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान एवं द्वितीय खिलेश्वर 89.86 प्रतिशत एवं तृतीय कुमारी रश्मि नेताम 89. 33 प्रतिशत लेकर तीसरा स्थान पर रही। प्राचार्य बीआर ठाकुर ने बताया कि विद्यालय का कक्षा 12वीं में 93 परीक्षाथएँ में से 74 परीक्षाथएँ सफल हुए जिसमें परिणाम 80 प्रतिशत रहा एवं कक्षा दसवीं में 105 परीक्षाथएँ में से 63 परीक्षाथएँ सफल हुए जिसका परिणाम 60 प्रतिशत रहा शाला परिवार की ओर से सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिंन्हा व शिक्षक एसएल साहू, बोर्ड परीक्षा प्रभारी जीएल श्याम, आरडी साहू, के गंगबेर, एमके सिंन्हा, पीडी मानिकपुरी, बीपी झा, एचआर सिंन्हा, पी साहू, एम पटेल, पी प्रकाश, के वैद्य, बीएल यादव, केएल यादव, टीएल उर्वशी, पी सार्वा, कुलेश्वर पटेल, एसएल साहू ने सभी परीक्षार्थियों के प्रति हर्श व्यक्त किया।

## प्रगति हायर सेकंडरी विद्यालय डौंडी के नतीजे उत्साहवर्धक



**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा शिक्षण संस्था द्वारा संचालित प्रगति हायर सेकंडरी विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2025 के कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहे।हाई स्कूल कक्षा दसवीं में विद्यालय में प्रथम स्थान कृष कुमार पटेल 83.33% द्वितीय, दीपचंद 79.5% एवं तृतीय स्थान सूफिया खातून 67.66% ने प्राप्त किया। हायर सेकेंडरी में

कृषि संकाय में प्रथम स्थान पुष्पेंद्र कुमार 71.2 %, द्वितीय स्थान कुमारी पद्मनी 67 %, तृतीय स्थान टाकेश कुमार 63% । विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान कुमारी कुमकुम यादव 67.4%, द्वितीय स्थान कुमारी भूमिका यादव 63.4 %, तृतीय स्थान उपांशु मंडावी 62.2% तथा कला संकाय में प्रथम स्थान दीपेश कुमार 61.4 % ने प्राप्त किया। संस्था के अध्यक्ष हस्तीमल सांखला , सचिव फूलचंद डोसी, प्राचार्य राजकुमार देवांगन , संचालक ललित सिंह गौर ,परीक्षा प्रभारी बलदेव सिंह यादव , राधेश्याम गंजीर , उमेंद कुमार सिन्हा, मूलचंद साहू, प्रधानाध्यापिका कीर्ति बाला टांक , अनिल कुमार यादव, वेदनाथ चुरेंद्र , पुनीत राम सोनकली, युगल किशोर निषाद , श्रीमती ममता गौर, उषाकिरण छेद्दाम मैडम सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई दी है, तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आईएएस अधिकारी पिस्दा का निधन

**कुसुमकसा।** ग्राम किल्लेकोड़ा निवासी सेवानिवृत आई ए एस के आर पिस्दा का आकस्मिक निधन हो गया ,उनका अंतिम संस्कार किल्लेकोड़ा के मुक्तिधाम किया गया ,गार्ड आफ आनर दिया गया। के आर पिस्दा पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग, पूर्व संचालक लोक शिक्षण विभाग व विभिन्न जिलों में कलेक्टर के पद पर रह कर सेवा दी थी ,उनके अंतिम संस्कार में प्रशासनिक अधिकारी ,जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित होकर श्रंधाजली दी



## एयर स्ट्राइक में 90 आंतकी ढेर भारतीय सेना का पराक्रम

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने भारतीय सेना के एयर स्ट्राइक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के आंतकवादियों ने पर्यटकों पर जिस प्रकार धर्म पूछ कर हिन्दुओं पर गोली चला कर 26 लोगों की हत्या की जिससे कई माता व बहनें विधवा तथा बच्चें अनाथ हो गये जिससे सभी भारत वासियों का खून खौल गया जिसे लेकर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने तत्काल अपने उद्बोधन में कहा था



इसका बदला हमारी सेना अवश्य लेगी जिससे इस घटना से अनाथ हुए बच्चें व विधवा हुए माता बहनों को न्याय अवश्य मिलेगा और यह साहसिक कार्य 6 मई देर रात को पीओके के आगे घुस कर आपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत आंतकियों के बंकर पर एयर स्ट्राईक कर लगभग 90 से ज्यादा आंतकवादियों कौ मौत के घाट उतारकर पाकिस्तान से बदला ले लिया गया जिसके लिए जायसवाल ने कहा कि, भारत की सेना और प्रधानमंत्री पर हम सबकों गर्व है और यह अभियान आगे जारी रखना चाहिए ताकि पाकिस्तान के आंतकवादी दुबारा ऐसा घृणित कार्य करने का साहस न कर सके।

## पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का पिछड़ा वर्ग ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर की गई कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर पर गर्व करते हुए कहा आतंकवादियों ने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला किया जिससे पूरा देश ग़म में डूबा था, जिसका बदला हमारी सेना ने लिया है अब पूरा पाकिस्तान मातम मना रहा है। यह नए भारत का नया नेतृत्व नरेंद्र मोदी की मजबूत इच्छा शक्ति का परिणाम है।



उन्होंने कहा सेना के जांबाजों ने सिद्ध कर दिया कि भारत की धरती पर आतंक का सिर उठाने की कीमत चुकानी पड़ेगी। सूरज निर्मलकर ने कहा सैन्य कार्रवाई के साथ–साथ आतंकवाद के मूल कारणों को समाप्त करने के लिए कूटनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रयास तेज किए जाएँ। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की आतंक–पोषण नीतियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रेरित करना भी जरूरी है। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग विकास संगठन ने ऐसे समय में आतंकवाद के विरुद्ध देश की रक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा हमारा समाज केंद्र सरकार और भारतीय सेना के साथ खड़ा है, हम देश में लिए जाने वाले सभी नीतियों और निर्णय का समर्थन करते है।

## क्रमोन्नत वेतनमान के लिए अधिकारियों को सौंप ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग व डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी, सहायक संचालक आशुतोष चावरे, सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा को ज्ञापन सौंपकर क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी करने एवं युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन करने की मांग की है। के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू, ने बताया कि रायपुर संभाग में मिडिल प्रधान पाठक व व्याख्याता के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने की चर्चा की गई। डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी ने सभी मांग पर सूक्ष्मतापूर्वक अवलोकन पश्चात विभागीय निर्णय लिए जाने की बात कही।

ज्ञापन मे मांग किया गया है कि क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने का जारी आदेश के तहत प्रदेश में कार्यरत सभी एलबी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जावे।

## समर कैंप में यातायात नियमों के पालन करने की दी गई समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद द्वारा आयोजित समर कैंप के अष्टम दिवस बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी केन्द्र मे महिला परामर्श केन्द्र से सीता गोस्वामी, भारती गोस्वामी महिला सेल व मन्नु गोटा, मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी उपस्थित थे। जिसमें बहन सीता गोस्वामी ने कहा कि हमें यातायात के नियमों का विशेष रूप से पालन करना चाहिए, हमें हमेशा बाएं ओर ही चलना चाहिए, हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाना चाहिए, बिना लाइसेंस के गाड़ी नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल में गेम्स न खेले, इससे हमारी मानसिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। बच्चे जब घर से बाहर निकले तो अपने पैरेन्ट्स को जरूर बताकर जाएं। अपने दोस्तो की जानकारी घर में दे।

बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि जीवन में अनेक परिस्थितियां आती है ऐसे समय पर हमें अभी का जो ज्ञान मिल रहा है वो काम में आयेगा इसलिए इस समर कैंप के दौरान जो भी सीखने को मिल रहा है उसे ध्यान से सुने और सीखें। बीके. भूषण ने बच्चो को पढ़ाई का महत्व बताते हुए कहा कि पढ़ाई करने से हमें ज्ञान प्राप्त होता है, जितना हम ज्ञान प्राप्त करेंगे उतना हमारे बुध्दि का विकास होगा।

बुध्दि के काम करने की क्षमता बढ़ती जाएंगी, जिससे हमारी याद करने की क्षमता भी बढ़ती जाएंगी। परीक्षा की तैयारी कैसे करे उसके बारे में बताते हुए कहा कि रोज पढ़ाई करे, प्लान बनाकर पढ़े, अपने आपको टास्क दे, पढ़ाई की शुरूआत करने के पहले ध्यान व मेडिटेशन जरूर करें।

## सेना का पाक के खिलाफ एयर स्ट्राइक का स्वागत



**गुण्डरदेही।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में किए गए एयर स्ट्राइक से भाजपा मंडल गुण्डरदेही व आम जनता ने खुशी मनाई है। बुधवार को नगर के धमतरी चौक मे भाजपाईयो ने हाथ मे तिंरगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाकर व मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, जिला सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, महामंत्री सौरभ चोपड़ा, टोमन साहू, सरपंच हेमंत साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, केशव साहू, रवि देवांगन, भीम साहू, थानमल जैन, मयंक जैन, देव कुमार साहू, हेमंत साहू, रूपेश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पीपल, नीम, इमली, आम व जामुन के पौधे लगाकर सुरक्षा की ली शपथ

# सक्षम ने हितवा संगवारियों के साथ वृद्धाश्रम में सेवा दी और पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सक्षम जन फाऊंडेशन ने पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था हितवा संगवारी के पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया इस दौरान आशीष नीतू गुप्ता ने डुन्डेरा नर्सरी में पर्यावरण हितवा संगवारी के सहयोग से पीपल, नीम, इमली, आम व जामुन के पौधे रोपित किए।

इसमें सक्षम फाऊंडेशन के प्रमोद जैन , पर्यावरण हितवा संगवारी संस्था के रोमशंकर यादव, प्रेमनरायण वर्मा, विश्वकुमार साहू, राजेश चंद्राकर आदि का विशेष सहयोग रहा हितवा संस्था पौधरोपण के लिए पौधे भी उपलब्ध



कराए सक्षम जन फाऊंडेशन द्वारा समय समय पर दिव्यांगों बुजुर्गों की सेवा की जाती है इसी कड़ी मे आज पुलगांव दुर्ग के वृद्धाश्रम मे बुजुर्गों को आशीष नीतू गुप्ता के साथ जरूरत के समानों का वितरण कर उनका आशीर्वाद लिया फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा सेवा के साथ आश्रम में पहुंच बुजुर्गों के साथ समय भी देते हैं उनके साथ समय बिताए जिससे उन्हें अपने परिवार की कमी महसूस न हो उनके मनोरंजक के लिए गीत संगीत का आयोजन किया इस दौरान संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन सचिव हरि सिंह सोलंकी कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा पूजा संरक्षिका रजनी रजक सुमन ठाकुर नीमा पनरीया हिरेंद्र साहू शंशाक जैन शुभम अभिषेक सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंच बुजुर्गों के साथ समय ओर खुशियां बाटी सक्षम जन फाऊंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि संस्था वृद्धा आश्रम पहुंच सेवा करते हैं और बुजुर्गों को भी संस्था के प्रत्येक सदस्य से लगाव है और सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता हैं।

सेवा कार्यों मे अपनी एक अलग पहचान बनाई है और निरन्तर सेवा कार्य जारी है संस्था से जुड़ने वाले सभी सदस्य गण एक परिवार की तरह रहते हुए सभी मिलकर कार्य करते है।

